NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

# दिवाली से पहले दिल्ली में पकड़ा गया नकली घी का जखीरा...जींद से चल रहा था सारा खेल




**नई दिल्ली:** त्योहारी सीजन में दिल्ली में नकली घी की सप्लाई का एक और बड़ा मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच ने रोहिणी के बुध विहार में एक गोदाम पर छापा मारकर 2000 किलोग्राम से ज्यादा नकली घी जब्त किया है। यह नकली घी कई नामी कंपनियों के ब्रांड के नाम से पैक किया गया था और बाजार में बेचा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में राकेश गर्ग नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि यह सारा नकली माल हरियाणा के जींद में बनाया जा रहा था।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/delhi/other-news/fake-ghee-being-made-in-jind-supplied-in-delhi-over-2000-kg-fake-ghee-recovered-from-rohini-warehouse/articleshow/124344847.cms